# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✸ पिपरिया ✸ सोहागपुर ✸ मुलताई ✸ सारनी ✸ आमला ✸ टिमरनी ✸ खिरकिया

भोपाल 20 जून 2025


## न्यूज कार्नर

### संभाग स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आज

**जागरण नर्मदापुरम।** अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की संभाग स्तरीय सतर्कता, सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।उक्त बैठक संभागायुक्त नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में 20 जून को सायं 400 बजे से कार्यालय आयुक्त नर्मदापुरम के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### मानसिक कमजोर महिला का शव मिला

**जागरण पिपरिया।** शोभापुर रोड स्थित पुरानी आरा मशीन के पास स्थित मैदान में पानी के गड्ढे में मानसिक रूप से कमजोर महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनोज पिता मंदी लाल ठाकुर ने सूचना दी की उसकी बहन की उम्र करीब 30 साल है जो बुधवार सुबह 6 बजे घर से कहीं चली गई है। उसको तलाशने पर वह शुभम कृषि सेवा केंद्र के पीछे पानी के गड्ढे में डूबी मिली। उक्त महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है।

### नर्मदापुरम कला जगत समिति के चुनाव संपन्न

**जागरण नर्मदापुरम।** आगामी त्रिवर्षीय कार्यकाल 2025 से 2028 हेतु नर्मदापुरम कला जगत समिति के कार्यकारिणी चुनाव संपन्न हुए। चयन प्रक्रिया में अध्यक्ष डॉ. संतोष व्यास अध्यक्ष, राकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष मनोज परसाई, सचिव डॉ. नमन तिवारी, संयुक्त सचिव डॉ. राजपाल सिंह चड्ढा, कोषाध्यक्ष राजेश कुलश्रेष्ठ तथा विशिष्ट सदस्य के रूप में स्वप्निल छेनिया व सुनील चौरे सर्वसहमति से चयनित किए गए। संस्था की व्यापक गतिविधियों को सुचारू रूप से संयोजित करने के लिए संयोजन प्रभाग प्रमुख के पद पर साहित्य हेतु प्रदीप दुबे 'दीप', नाट्यकला हेतु कमलेश सक्सेना, संगीत हेतु श्रीराम परसाई एवं विविध कला हेतु प्रशांत दुबे 'मुन्नू' के चयन का प्रस्ताव उपस्थित सदस्यों की सहमति से पारित हुआ। चुनाव प्रक्रिया की कार्यवाही चुनाव प्रेक्षक तथा समिति के विधिक सलाहकार अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

### माखननगर में ठप पड़ी बीएसएनएल की सेवा

**जागरण माखननगर।** नगर में काफी लंबे समय से बीएसएनएल की सेवाएं ठप्प पड़ी है। दिन में कई बार नेटवर्क गायब हो जाना 4जी सेवा नगर के लिए धोखा है। यहां अक्सर नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। नगर के आधे वार्डों में जो टावर के नजदीक है उनको सिग्नल मिलते हैं थोड़ी दूरी पर जाने के बाद यह सिग्नल गायब हो जाते हैं। दिन भर में कई बार सिग्नल गायब हो जाते हैं। यदि कोई उपभोक्ता फोन पर बात करने की फोन लगता है तो सामने वाले की आवाज ही नहीं आती है। वहीं यहां स्थित ऑफिस में अक्सर ताला लगा रहता एसी स्थिति में उपभोक्ता इसकी शिकायत भी नहीं पाते हैं। नागरिकों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की मनमानी के चलते माखननगर को बीएसएनएल की सेवाओं से वंचित किया जा रहा है विभाग के उच्च अधिकारी को इस और ध्यान देकर माखननगर के बीएसएनएल उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करना चाहिए।

---

सोहागपुर नगर परिषद में ठीक से नहीं हो सका योजना का क्रियान्वयन

# राजनीतिक खींचतान के चलते पीएम आवास योजना 2.0 में पिछड़ी नप

**जागरण सोहागपुर।** नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं हो सका है जबकि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतिम तबके के पात्र हितग्राहियों तक लाभ वितरण के विशेष दिशा निर्देश राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए थे। जिले के अधिकांश निकायों में आवास योजना के द्वितीय चरण के तहत हितग्राहियों का सर्वे हो चुका है और सूची भी बन चुकी है लेकिन सोहागपुर नगर परिषद में अब तक सर्वे की स्थिति निर्मित नहीं हो सकी है। कुल मिलाकर यूं कहें कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के मामले में सोहागपुर नगर परिषद पिछड़ी हुई नजर आ रही है जिसके पीछे का मुख्य कारण राजनैतिक खींचतान माना जा रहा है।

गौरतलब है कि आवास योजना के लांच होते ही हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

### 500 से अधिक आवेदन जमा हैं नप कार्यालय में



प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से वंचित पात्र श्रेणी के हितग्राहियों द्वारा शासन की गाइडलाइन अनुसार समस्त दस्तावेज शपथ पत्र के साथ लगाकर आवेदन किए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 500 से अधिक आवेदन नगर परिषद कार्यालय में जमा कराए जा चुके हैं और अधिकांश हितग्राहियों ने अपनी फाइल को ऑनलाइन भी कर दिया है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस बार शासन ने आवेदन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की कोशिश की है। पहले उन हितग्राहियों को लाभ देने की मंशा है जिनके स्वयं के नाम, पता अथवा रजिस्ट्री हो एवं उन्हें अतीत में कभी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला हो। उक्त सभी बिंदुओं पर नजूल आरआई एवं पटवारी डोर टू डोर पहुंच कर प्राप्त आवेदनों की जांच करेंगे फिर सर्वे उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची नगर परिषद के मार्फत शासन पहुंचेगी। उसके बाद किस्तों का सिलसिला शुरू होगा। वर्तमान में प्रक्रिया के प्रथम पड़ाव को भी नगर परिषद सोहागपुर पार नहीं कर सकी है।

अधिकांश हितग्राहियों द्वारा कंप्यूटर वर्क की दुकानों से ऑनलाइन आवेदन किए गए एवं उसकी एक प्रतिलिपि नगर परिषद की आवास योजना शाखा में भी जमा की गई।

आवेदन जमा करने वालों को ऐसी आशा थी कि शीघ्र ही उन्हें आवास योजना का लाभ मिल जाएगा और उनके नए आशियाने तैयार हो जाएंगे लेकिन अभी तक आवास योजना का उचित क्रियान्वयन नहीं होने के कारण आवेदकों में निराशा है।

### इनका कहना है ...

स्थाई रूप से सीएमओ एवं उपयंत्री नहीं होने के कारण सर्वे के लिए सूची एसडीएम कार्यालय भेजने में देरी हुई है। सीएमओ की ज्वाइनिंग के बाद आवास योजना के लगभग 300 हितग्राहियों की सूची सर्वे के लिए एसडीएम कार्यालय भेजी जाएगी।

**– लता यशवंत पटेल**
अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर

### राजनीतिक खींचतान में अटकी सूची

सूत्रों के मुताबिक प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा कर सूची बना ली गई थी जिसे सर्वे के अनुमोदन हेतु भेजा जाना शेष था तभी कांग्रेस एवं बीजेपी समर्थित हितग्राहियों का राग आलाप करते हुए सूची रुकवा दी गई और उसमें सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच सलाह मशविरा उपरांत अंदरुनी रूप से संशोधन किया गया । उन लोगों के नाम प्राथमिक तौर पर लाभान्वित करने हेतु सूची में पहले जोड़े गए जो भाजपा समर्थित हैं एवं ऐसे लोगों के नाम प्राथमिक तौर पर तैयार की गई सूची से हटाने की प्रयास किए गए जो मूल रूप से भाजपा समर्थित नहीं है। कुल मिलाकर यूं कहें कि दलगत राजनीति एवं राजनीतिक खींचतान की भेंट आवास योजना का क्रियान्वयन चढ़ गया है। ऐसी भी चर्चा है कि जो लोग पूर्व में अपने व्यय पर मकान का निर्माण कर चुके हैं उनसे मोटी रकम की पेशकश करते हुए उनके नाम आवास योजना में जुड़वाने के प्रयास भी दलाल कर रहे हैं । यदि नगर परिषद में प्राप्त आवेदनों की बारीकी से जांच पड़ताल की जाए तो कई हितग्राही ऐसे हैं जिनके मकान वह स्वयं के खर्चे पर महीनों अथवा सालों पूर्व बना चुके हैं। हालांकि हितग्राहियों के आवेदन ऑनलाइन अपलोड होने के कारण भ्रष्टाचार की संभावनाएं कम ही है फिर भी सोहागपुर नगर परिषद में कुछ भी संभव है।

---

# अब दिल्ली भोपाल से नहीं लोकल कार्यकर्ता तय करेंगे जिलाध्यक्ष

### कांग्रेस के संगठन सृजन में नेताओं ने किया दावा



**जागरण पिपरिया।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर पिपरिया में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह पहली बार है जब ब्लाक स्तर पर आकर भी आप लोगों से जिला अध्यक्ष की राय ली जा रही है। संगठन को मजबूत करने के लिए यह काम किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं की राय से ही जिला अध्यक्ष बनाये जा रहे है।

यह बैठक कितनी महत्त्वपूर्ण है की प्रदेश प्रभारी भी ब्लाक स्तर पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों में जा रहे है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि पहले दिल्ली-भोपाल से जिला अध्यक्ष बन कर आ जाते थे। परन्तु अब नीचे से कार्यकर्ताओ के बीच से नाम जायेगा। जिला अध्यक्ष प्रक्रिया के प्रभारी पूर्व सांसद व पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अजय कुमार ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओ से बात कर रहे है। जो भी जिला अध्यक्ष के लिए फार्म भरना चाहता है उसका फार्म ले रहे है। हम अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आला कमान को देंगे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीनारायण काबरा, फहीम अब्दुला, धर्मेंद्र नागवंशी, राजा पलिया, परम गोस्वामी, सत्येंद्र पटेल, बंटी राठी सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री यादव को दिया धन्यवाद

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद जिन्होंने मूंग खरीदी का काम किया है। परन्तु मोहन यादव बताएं कि वह सोयाबीन धान और गेंहू को अपनी पार्टी के वादे अनुसार कब खरीदेंगे। पटवारी ने कहा कि उन्होंने लाड़ली बहना के पैसे से भाजपा की राजनैतिक अय्याशी की बात कही थी। जो पचमढ़ी में की गई एक एक टेंट लाखों रुपए का लगाया गया परन्तु भाजपा बात घुमाने में माहिर है। पटवारी से जब पूछा गया कि क्या भाजपा का साथ देने वाले कांग्रेस नेताओं को भी संगठन सृजन अभियान में चिन्हित किया जायेगा तो उनका कहना था कि कार्यकर्ताओं को सब मालूम है कि कौन भाजपा से जुड़ा है।

---

# नपा द्वारा नाले की सफाई और गहरीकरण कार्य जारी



**जागरण नर्मदापुरम।** बारिश पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का सफाई कार्य लगातार किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान 1.0 के तहत बाजार क्षेत्र के नाले नालियों की सफाई की गई थी। स्वच्छता अभियान 2.0 के तहत अब आदमगढ़ रेलवे ब्रिज से भोपाल तिराहे तक का नाले की सफाई, गहरीकरण और चौड़ीकरण किया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि आदमगढ़ नाले का सफाई अभियान नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर किया जा रहा है। गुरुवार को आदमगढ़ रेलवे ब्रिज से लेकर भोपाल तिराहे तक के नाले की सफाई गहरीकरण और चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस दौरान भारी मात्रा में कचरा पालीथिन और झाड़ियां नाले से निकालकर बाहर की गई। तीन वर्षों से देखा जाए तो इस नाले के चौड़ीकरण और गहरीकरण के कारण बाढ़ से यहां के रहवासियों को राहत है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# विहिप का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 21 एवं 22 को

**जागरण सिवनी मालवा।** विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग सिवनी मालवा में 21 एवं 22 जून को होगा। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला सेवा प्रमुख अनिल यादव ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद अपने कार्यकर्ताओं को अनुशासन संगठन रीति नीति सबल सक्षम बनाने हेतु अभ्यास वर्ग लगाए जाते हैं।

अभ्यास वर्ग 21 एवं 22 जून को स्थानीय श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर नए बस स्टैंड के पीछे रखा गया है। वर्ग में 21 जून दोपहर 2 बजे तक प्रशिक्षण में आगमन होगा एवं 22 जून शाम 5 बजे वर्ग का समापन होगा।

प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्यसमिति जिले के सभी प्रखंडों की समिति पदाधिकारी शामिल होंगे। वर्ग में विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान, प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, प्रांत सह धर्मप्रसार प्रमुख भंवर सिंह शेखावत, बजरंग दल प्रांत गोरक्षा प्रमुख कृष्ण कांत गावंडे, विभाग सह मंत्री राजेश प्रजापति, विभाग संयोजक चंचल सिंह राजपूत आदि का मार्गदर्शन सभी सत्रों में होगा। वर्ग में प्रमुख रूप से जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष जिला संयोजक नितिन मेश्कर आदि उपस्थित रहेंगे।

# समेरिटन्स स्कूल ग्रुप ने ग्राम मगरिया में किया पौधरोपण



**जागरण नर्मदापुरम।** समेरिटन्स ग्रुप ऑफ स्कूल की टीम ने गुरुवार को सोहागपुर विकासखंड के ग्राम मगरिया में आरक्षित भूमि पर पौधारोपण किया। सेमेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि इस गांव में जिला प्रशासन के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इस जमीन पर जंगल विकसित किया जाना है। इसके तहत यहां बरगद, पीपल, नीम, इमली, तेंदू, हल्दू, केम, कुसुम, बेल, कबीट, अर्जुन, करंज आदि सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोप जाएंगे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को यहां कुछ पौधे रोप गए हैं। जल्द ही बारिश होने के बाद यहां बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। इस जमीन पर शीघ्र ही सघन वन तैयार करने की योजना है। पौधरोपण के दौरान संजय सेलट, परितोष शर्मा, अमित माहेश्वरी, जेडी सिंह, स्वाति खंपरिया, वंदना जोशी, स्मिता कहाते सहित अन्य उपस्थित थे।

# नपाध्यक्ष ने की आवेदनों पर जनसुनवाई, दिए निराकरण के निर्देश



**जागरण नर्मदापुरम।** गुरुवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नपा कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए आवेदक के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बनाकर देने का कार्य किया गया है। साथ ही पिछले गुरुवार को जनसुनवाई में श्रमिक कार्ड बनवाने का आवेदन दिया था। इस गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान उन आवेदकों को श्रमिक कार्ड बनाकर दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान उपयंत्री महेंद्रसिंह तोमर, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया और रीना गुप्ता के साथ ही समूचा स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज दूसरे गुरूवार भी कार्यालय में आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं बताई। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने स्वयं लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।

### आम नागरिक हो रहे लाभान्वित

लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमारी परिषद का प्रमुख दायित्व है। जनसुनवाई के माध्यम से हम लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। यह एक सकारात्मक पहल है। इससे आम नागरिक लाभांवित हो रहे हैं।

– **नीतू महेंद्र यादव**, नपाध्यक्ष नर्मदापुरम

### बेटे का जन्मप्रमाण पत्र पाकर खुश हुए पिता

हासलपुर निवासी आवेदक जसवंत अपने बेटे वैभव यादव का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे थे। वे जनसुनवाई में आए जहां नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा उन्हें जन्म मृत्यु शाखा में भेजा गया। वहां जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में लगने वाले समस्त दस्तावेजों की जानकारी दी गई। संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने पर तत्काल जसवंत के बेटे वैभव का जन्मप्रमाण पत्र बना कर दिया गया। इस पर पिता जसवंत ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया। श्रम शाखा के संदीप यादव ने बताया कि बंगाली कालोनी निवासी जय विश्वास और दशहरा मैदान निवासी जीतेंद्र बस्तवार ने भी श्रमिक कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिया था। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के संज्ञान में आने के बाद संपूर्ण दस्तावेजों की जांच उपरांत उन्हें भी श्रमिक कार्ड बनाकर दिए गए हैं।

# स्कूल वाहनों की जांच, आरटीओ ने दी संचालकों को हिदायत

**जागरण नर्मदापुरम।** परिवहन आयुक्त, संभागायुक्त तथा कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की जांच की गई। स्कूल संचालकों को सभी स्कूल वाहनों में मेडिकल बॉक्स, स्पीड गवर्नर लगा होना, अग्निशामक यंत्र, बस का फ्लोर सही होना, वाहनों के वाइपर चालू होना, हैडलाइट तथा इंडिकेटर दुरुस्त होना, इमरजेंसी गेट का सही होना तथा सीट न होना, वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण होने सम्बंधी निर्देश एवं सख्त हिदायत दी गई। परिवहन विभाग द्वारा शहर के 25 वाहनों की जांच की गई तथा शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के उपरांत स्कूल वाहनों में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर चालानी कारवाही की हिदायत दी गई। स्कूल संचालकों द्वारा भी लिखित रूप में वाहनों के दुरुस्त होने तथा दस्तावेज पूर्ण होने के उपरांत ही वाहनों को संचालित करने हेतु लिखित आश्वासन दिया।

---

मोदी के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में भाजपा नगर मंडल ने आयोजित की संकल्प सभा

# सरकार की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान




**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'मोदी जी के 11 साल बेमिसाल विकसित भारत का अमृत काल' विषय पर गुरुवार को नर्मदापुरम नगर मंडल द्वारा संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने मोदी सरकार के 11 वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र को रेखांकित करते हुए सरकार की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी ने देश की मजबूत सुरक्षा नीति और सीमाओं की मजबूती को रेखांकित किया। वहीं नर्मदापुरम नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर विकास के क्षेत्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने सभा का स्वागत भाषण देते हुए सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। मंच संचालन महेश बाबरिया ने तथा आभार प्रदर्शन श्री राहुल पटवा द्वारा किया गया। सभा में एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सोशल मीडिया संयोजक गजेन्द्र चौहान, आईटी संयोजक राहुल पटवा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मंडल सह प्रभारी गोविंद राय, राहुल ठाकुर, रामू चौहान, पूनम मेषकर, दीपिका राठौर, अर्पित मालवीय, पार्षद राजकुमारी मेस्कर, बिंदिया मांझी, नीरजा फौजदार, मधु स्वामी, जयबाला निगम, हिना अली, सपना पवार, ज्योति डहरिया, ममता शर्मा, सुभान खान, विक्की राठौर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेमरीहरचंद मंडल संकल्प सभा में शामिल हुईं सांसद नारोलिया

**जागरण सेमरी हरचंद।** भारतीय जनता पार्टी सेमरी हरचंद मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को वन स्टेप स्कूल में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सेमरी हरचंद मंडल में संकल्प सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि 2014 में भारत को एक ऐसा नेतृत्व मिला जिसने शासन को पारदर्शी, जनहितैषी और विश्वसनीय बनाया। मोदी सरकार ने गरीबों को मकान, गैस, बिजली, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाया। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाकर देश की दिशा और दशा दोनों को बदला है। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, रंजना मीना, भाजपा नेता दिनेश नामदेव, प्रतिभा साहू , साहब सिंह पटेल , मंगेश महेश्वरी, धनीराम मौर्य , विराजमोहन मीना एवं कार्यक्रम संचालक राघव पटेल सहित मंडल के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अनुबंधग्रहिता राजेश कुमार रघुवंशी उम्र 47 वर्ष, आत्मज लखनलाल रघुवंशी, निवासी वार्ड नम्बर 03, बानापुरा, तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम म.प्र. वालों ने दिनांक 22.02.2024 के निष्पादित अनुबंधपत्र के माध्यम से अनुबंधकर्ता रामसिंह माली, उम्र 51 वर्ष, आत्मज मूलचंद्र माली निवासी प्लाट नम्बर 59, एन.एन रुप बिहार, कालवाड रोड, हाथेज जयपुर, राजस्थान वालो से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नम्बर 91 रकवा 2.757 हे. एवं खसरा नम्बर 206 रकवा 0.522 हे. कुल रकवा 3.279 हे. याने 8. 10 एकड स्थित ग्राम बाबडिया बापू, तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम म.प्र को कय करने का सौदा विधिवत् किया है। उक्त सौदे के अनुसार अनुबंधकर्ता को हमारे पक्षकार अनुबंधग्रहिता ने बयाना राशि अदा कर दी है।

हमे कुछ विश्वस्थ सूत्रो से जानकारी प्राप्त हुई है कि अनुबंधकर्ता रामसिंह माली अत्यधिक लालच व बहकावे में आकर उक्त अनुबंधित भूमि को अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करना चाहता है जो कि विधिविरुद्ध है।

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुबंध के आलोक में उक्त कृषि भूमि के संबंध में अन्य कोई व्यक्ति या संस्था कोई सौदा या क्रय-विक्रय न करे अन्यथा पश्चात्वर्ती विधिक प्रक्रियाओ के लिये वह स्वयं उत्तरदायी रहेगा। हमारे द्वारा अनुबंध के अनुसार अनुबंधकर्ता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही संस्थित की जा रही है। सूचना जाने।

**भवदीय : पुष्कर कुमार मिश्रा (अधिवक्ता)**
**मेन रोड, नर्मदा मंदिर के पास, सिवनी मालवा**
**जिला नर्मदापुरम म.प्र.**
**मो.न. 9826761763**

## न्यूज कार्नर

### झुझारपुर में नहीं मिल रहा योजना का पानी

**जागरण, इटारसी।** केसला ब्लॉक की ग्राम पंचायत झुझारपुर में नल जल योजना में ग्रामवासी के साथ मतभेद आधे से ज्यादा ग्राम में प्रधानमंत्री नल जल योजना से जल नहीं मिल रहा है। वंचित ग्रामीण परेशान हैं और बार बार पंचायत से मांग करने के बाद भी नहीं सुधारा गया। एक मोहल्ला ऐसा है जिसमें पानी ही नही मिल रहा ग्राम के युवा नागरिक कुलदीप पटेल ने बताया कि कई बार पंचायत सचिव सरपंच को अवगत करा दिया उसके बाद भी आज तक समस्या का समाधान नही हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वपूर्ण योजना है एक सप्ताह मे नल जल योजना से हर घर जल पहुंचाने का काम करें। अगर एक सफ्ताह मे हमारी समस्या का समाधान नही हुआ तो ग्रामवासी के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

### 52 मरीजों की जांच 12 के होंगे ऑपरेशन

**जागरण, इटारसी।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से बाबा गोदड़ी वाला धाम द्वारा आज ग्राम शिखर में निःशुल्क आंखों का शिविर ग्राम पंचायत भवन में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक लगाया जिसमें 52 मरीज़ों की आंखों की जांच की गई। 13 मरीज कम दृष्टि के पाए गए, 12 मरीज मोतियाबिंद के चिंहित किए गए। आंखों की जांच डॉक्टर आदर्श सांवले एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता राधिका तिलोतिया द्वारा की गई। ग्राम सरपंच उमेश मरकाम, समाजसेवी सुभाष दुबे एवं अजित मेहतो का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकरी गोदड़ी वाला धाम सचिव सन्मुखदास चेलानी ने दी।

### लावारिस बाइक को पहुंचाया थाने

**जागरण, इटारसी।** शहर के रेलवे स्टेशन परिसर में कार पार्किंग की दीवार से पिछले 10 दिनों से एक मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह यातायात पुलिस टीम को जानकारी दी गई इसके बाद यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक रामनारायण सिंह राजपूत के द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर से नीले रंग की हीरो होंडा कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 47 एमएन 6137 को सिटी थाना ले जाया गया।

### मंदिर के पास से नहीं उठाई कचरे की बोरी

**जागरण, इटारसी।** शहर में नगर पालिका कार्यालय की स्वच्छता शाखा के द्वारा विभिन्न वार्ड क्षेत्र में प्रतिदिन कचरा वाहन से कचरा प्रबंधन कराया जा रहा है। लेकिन नपा कार्यालय की स्वच्छता टीम के कचरा वाहन चालकों के द्वारा लापरवाही की जाती है और जानबूझकर कचरे को नहीं उठाया जाता है, जिससे आसपास का वातावरण प्रदूषित हो जाता है। शहर के रेलवे स्टेशन के मंदिर के सामने तीन-चार बोरियों में कचरा मुख्य मार्ग के किनारे रखा हुआ है। रोजाना नपा कार्यालय का कचरा वाहन आ रहा है लेकिन लापरवाही इतनी है कि कचरा वाहन के चालक के द्वारा उन बोरियों के कचरे को नहीं उठाया गया। जो कि गुरुवार की सुबह भी कचरे की बोरियां कचरा वाहन के द्वारा नहीं ली है गई है। नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि शहर में कचरा का प्रबंध सफाई टीम के द्वारा ठीक ढंग से किया जा सके। मालूम हो कि कचरा वाहन आने पर मंदिर के सेवकों द्वारा कचरे की बोरियों को ले जाने का अनुरोध किया जाता है, लेकिन कचरा वाहन चालक एवं सहयोगी अनसुनी कर देते हैं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए अब तक 20 दावेदार, अभी दो दिन और रहेंगे पर्यवेक्षक

**जागरण, इटारसी।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद के लिए अब तक 20 दावेदार सामने आ चुके हैं, बुधवार को साईंकृष्णा रिसोर्ट में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी से आए ऑब्जर्वर डॉ. अजय कुमार, सुखदेव पांसे, अवधेश सिसोदिया और भूपेंद्र सिंह की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक चली।

इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय सहित कुल 20 नेताओं ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इसके अलावा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल, वरिष्ठ नेता महेंद्र शर्मा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, शैलेंद्र गोयल, अजय सैनी, अशोक अहिरवार और रणवीर पटेल आदि नाम शामिल हैं।



ऑब्जर्वर डॉ. अजय कुमार के अनुसार नए जिला अध्यक्ष की घोषणा जुलाई में की जाएगी। वे अभी दो दिन और जिले में रहकर रायशुमारी करेंगे। इस चयन प्रक्रिया को लेकर शहर से लेकर गांव तक के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इस बार फिर से पूर्व जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय को यह जिम्मेदारी मिल सकती है।

पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष की रायशुमारी में कांग्रेस के सभी स्थानीय 14 पार्षदों ने एक मत से जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे को रिपीट करने की मांग उठाई तो वही ऐसी अफवाहों की भी चर्चा चली जिसमें कोई दम नहीं था।

किसी ने तो यह तक कह दिया की जिला अध्यक्ष के अन्य दावेदार मयूर जायसवाल एवं विजय बाबू चौधरी द्वारा भी शिवाकांत पांडे को अपना समर्थन प्रदान कर दिया है लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। इस संबंध में मयूर जायसवाल एवं विजय बाबू चौधरी का कहना है अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमने भी अपनी दावेदारी पेश की है। अलग-अलग वर्ग के लिए दावेदारों के नाम लिए जा रहे हैं। रायशुमारी के बाद संगठन का जो भी निर्णय होगा वह मान्य होगा अभी किसी को समर्थन देने का सवाल ही नहीं उठाता है संगठन का निर्णय कांग्रेस में सर्वमान्य है।

### नवीन कार्यकारिणी का किया गया गठन

# पंजाबी समाज में कार्यकारी अध्यक्ष अठोत्रा, बतरा कोषाध्यक्ष नियुक्त

**जागरण, इटारसी।** पंजाबी समाज के अध्यक्ष कर्मवीर गांधी एवं सचिव मनोज बतरा चुग द्वारा समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया है। पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष रहे भारतभूषण रामलाल गांधी वर्तमान में शहर के बाहर शिफ्ट हो गए हैं। जिसके बाद अब नवगठित पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य कार्यभार देखेंगे।

अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है भविष्य में साधारण सभा रखकर विधिवत गठन किया जाएगा और जो निःस्वार्थ सेवा करना चाहते हैं वह सामाजिक बंधु स्वयं आगे आकर अपनी सेवा दें और जो पद चाहते हैं वह तन मन धन से सहयोग करने आएं। गठन के दौरान ऐसे ही लोगों को कार्यकारिणी में स्थान मिलेगा जो समाज के सुख दुख में निरंतर अपनी उपस्थिति देते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष पद पर रवि अठौत्रा, उपाध्यक्ष कमल चाचड़ा, अमन पोपली, सहसचिव मनोज पोपली, कोषाध्यक्ष बसंत बतरा, संरक्षक सुभाष जुनेजा, प्रकाश बतरा चुग, दीपक अठौत्रा, राजकुमार बतरा, वेदभूषण गांधी, सोमनाथ पोपली, अशोक पोपली को बनाया गया है। वहीं विधि कानूनी सलाहकार के रूप में मनोज खट्टर की नियुक्ति की गई है। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अर्जुन भोला, महेश भाटिया, हैप्पी शर्मा, सुनील बतरा, राजकुमार बतरा, राजेश सूद, नवनीत कोहली, अनिल गांधी, पवन बोहरा, शेष मेहरा, अमित पोपली, रणजीत चौहान को नियुक्त किया गया है। सामाजिक बंधुओं ने कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले सभी सामाजिक बंधुओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि समाज का यह संगठन समाज को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा।

# ट्राई स्कूटी पाकर दिव्यांग सुनील की प्रसन्नता से भर आईं आंखें




**जागरण, इटारसी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को जनता कार्यालय नर्मदापुरम में सांसद निधि से दिव्यांगजनों को ट्राई स्कूटी वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के मुख्याथित में हुआ। इस अवसर वार्ड क्रमांक 8 उत्तर बंगलिया निवासी सुनील पिता गणेश प्रसाद मेहरा को सांसद दर्शन सिंह चौधरी, वार्ड 8 से पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, बूथ अध्यक्ष शशांक मालवीय ने ट्राई स्कूटी प्रदान की। सुनील कुमार मेहरा ट्राई स्कूटी पाकर बेहद प्रसन्न हुए और उनकी आंखों में खुशी में आंसू आ गए। उन्होंने मोदी सरकार में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि सरकार हमारे बारे में इतना सोच रही है। हमने कभी नहीं सोचा था कि ट्राई स्कूटी हमारे पास होगी। लेकिन मोदी सरकार ने हमें ट्राई स्कूटी उपलब्ध कराई यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी और वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्ड पार्षद श्रीमती बाबरिया ने कहा कि आगे भी इस तरह के जनहितैषी कार्यों के लिए प्रयास जारी रहेंगे, ताकि वार्ड के लोगों को सुविधा मिलती रहे।

### मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

# प्रदेश अध्यक्ष को नियामक आयोग का सदस्य बनाने पर स्वागत

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक बुधवार को नर्मदापुरम वृत कार्यालय के मीटिंग हाल में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। साथ में नर्मदापुरम सर्किल के होशंगाबाद इटारसी सोहागपुर पिपरिया से भी मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के सदस्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शुक्ला को मध्य प्रदेश शासन द्वारा नियामक आयोग का सदस्य नामित किये जाने पर उनका स्वागत किया गया। वहीं रामविलास टाले को अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर उनका पुष्प मालाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसी के साथ बैठक में बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री संदीप त्रिपाठी एवं अध्यक्ष रमेश नागर का भी भव्य स्वागत किया गया।

नागर एवं शुक्ला को अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की श्री कार्य समिति में सदस्य बनाये जाने पर एवं राम विलास टाले को मध्य प्रदेश की पांचों बिजली कंपनियों में भविष्य निधि समिति की सदस्य बनाये जाने पर भव्य स्वागत किया गया। बैठक को आमंत्रित सभी पदाधिकारी ने संबोधित किया।



बैठक में प्रमुख रूप से हरिहर वैष्णव क्षेत्रीय सचिव मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ नर्मदापुरम पुलिन शास्त्री, अध्यक्ष मधु चंदेल कृष्ण मुरारी, सूचिक लक्ष्मीकांत मुराब, पंकज पांडे पिपरिया से, राम गोपाल शेख राशिद, रमाशंकर प्रमोद श्रीवास्तव गणेश मालवीय इटारसी से राकेश मेहरा भोपाल से राकेश जैन, लक्ष्मीनारायण रैकवार, राजेन्द्र मालवीय, सुभाष धर्वे, मनीष परसाई, लव भदौरिया, शीलेन्द्र नेटारे, बृजेश चौरे, उमेश गौर, संजय व्यास, मनोज पांडे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए।

बैठक में कर्मचारी हितों से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई आउटसोर्स कर्मचारियों के ट्रांसफर अधिक दूरी पर नहीं किए जाने को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही रात्रि कालीन ड्यूटी में सब स्टेशन पर दो कर्मचारियों की ड्यूटी होनी चाहिए। इस मुद्दे को आगामी एमडी मीटिंग में रखने पर सहमति हुई। भविष्य निधि शीघ्र मिले इस पर राम विलास टाले द्वारा जानकारी दी गई। बैठक उपरांत महाप्रबंधक नर्मदापुरम के साथ मुलाकात की गई तथा महाप्रबंधक श्री भदौरिया का पुष्प गुच्छ द्वारा महासंघ की ओर से स्वागत किया गया। बैठक का संचालन शिव कुमार बिल्लोरे एवं हरिहर वैष्णव द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन हरिहर वैष्णव क्षेत्रीय सचिव बिजली कर्मचारी महासंघ नर्मदापुरम द्वारा किया गया।

### बेटी वेलफेयर केंद्र का शुभारंभ कल से

**जागरण, इटारसी।** पशुपतिनाथ मंदिर रोड, वार्ड 9, अवाम नगर में बेटी वेलफेयर केन्द्र का शुभारंभ 21 जून को दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा। यह केन्द्र बेटियों की शिक्षा, संस्कार एवं रोजगार कल्याण के लिए काम करेगा।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला एवं नगर पालिका अध्यख पंकज चौरे अतिथि रहेंगे। विशेष तौर पर मधुराजानंद गिरि, डॉ. गीता पांडेय, श्रीमती योगमाया शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, सुनील सिंह राजपूत आदि एवं समर्पित एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# फुटबाल : इंदौर ने जीता मैच, ग्वालियर और सीहोर में रही बराबरी की टक्कर, आज होंगे दो मैच

**जागरण, इटारसी।** जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता दूसरे ही दिन रोमांचक दौर में पहुंच गयी है। आज इंदौर ने अपना मैच बड़े अंतर से जीता तो ग्वालियर और सीहोर के लड़कों ने दमखम दिखाकर अपनी टीम को हार से बचाते हुए बराबरी पर खड़ा रहा।

दूसरे दिन के अंतर्गत प्रथम मैच इंदौर एवं रतलाम के बीच खेला यह मैच इंदौर ने 06-01 से जीता। प्रथम मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने मैदान पर वरिष्ठ समाजसेवी महेश, अरविंद ठाकुर, डालचंद राज, सौभाग्य दुबे, राकेश रायकवार, जितेंद्र रायकवार उपस्थित थे। प्रतियोगिता का दूसरा मैच सीहोर एवं ग्वालियर के मध्य खेला गया। यह यह मैच ग्वालियर एवं सीहोर के मध्य 2-2 गोल से बराबर रहा।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन 20 जून को दो मैच खेले जाएंगे। प्रथम मैच मुरैना एवं नीमच के मध्य तथा दूसरा मैच नर्मदापुरम एवं धार के मध्य खेला जाएगा।

### नर्मदापुरम की टीम में शामिल खिलाड़ी

नमन चौधरी, राजीव चौरे, निहाल पारे, रौनक राजपूत, अशीष मालवीय, विधान राजपूत, मोह मद बिलाल, आयुष पुरवइया, कार्तिक मेहरा, हर्षित गिरी गोस्वामी, ऋषि दुबे, अभिनव शर्मा, काव्य अग्रवाल, वैभव बाथव, नैवेद्य सैनी, देव विश्वकर्मा, सोम शर्मा, ओम यादव। टीम ऑफिशल मैनेजर डालचंद राज एवं टीम कोच जीतेंद्र रैकवार रहेंगे।

# मंडल स्तर पर हुआ विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

**जागरण, इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल स्तर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

मुख्यवक्ता पीयूष शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी योजनाओं, सुशासन तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर म.प्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, हरवंश हुरा, जयकिशोर चौधरी, सुनील राठौर, सतीश सवारियां, नीरज जैन, शैलेंद्र दुबे, सौरभ मेहरा, गोपाल शर्मा, संगीता मालवीय अर्जुन भोला, मनोज शर्मा,उपनिषद दुबे, गौरव बड़कुर, संदेश मालोनीया, सुष्मिता दुबे, आशा राव, हिमांशु देवहरे, राकेश अहिरवार, संजय राय चौधरी, मिथलेश गोस्वामी, श्रद्धा अग्रवाल, मयूर मालवीय, प्रतीक मालवीय, मोहनीश दमाड़े एवं मंडल के मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रमुख, एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे एवं आभार व्यक्त सौरभ मेहरा द्वारा किया गया।

### नपा बड़ी नालियों पर लगवाए जाली

जागरण, इटारसी। नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्ड क्षेत्र में लंबे समय से बड़ी नालियों का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं रखा गया। जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र में चौधरी रेस्टोरेंट के पास गुरुवार को सुबह एक गाय का बछड़ा बड़ी नाली में गिरने से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों के द्वारा बड़ी मुश्किल से नाली से बाहर निकाला गया। नपा द्वारा बड़ी नालियों पर जाली नहीं लगवाने की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिसके चलते कभी लोगों के वाहन तो कभी जानवर नाली में गिरकर घायल हो जाते हैं।

### शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला में एक पेड़ मां के नाम अभियान

# पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति के प्रति जागरुकता का संदेश

**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री मोहन नागर का आगमन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला हुआ। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद के संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी, जिला समन्वयक पवन सहगल केसला विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सक्सेना एवं ब्लॉक समन्वयक विवेक मालवीय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान के साथ हुई।

श्री नागर ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आम और आंवला के पौधे का रोपण किया। पौधारोपण के माध्यम से उन्होंने प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए युवाओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत उन्होंने महाविद्यालय में संचालित एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू कक्षाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों की गतिविधियों का अवलोकन किया गया और विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सामाजिक सेवा और पर्यावरण चेतना के लिए प्रेरित किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में श्री नागर ने कहा पर्यावरण संतुलन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बनाए रखते हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। श्री नागर द्वारा विद्यालय का निरीक्षण विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सक्सेना द्वारा अवलोकन करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता गजेंद्र कुमार गौर, श्रीमती सुनीता दुबे, व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी चन्द्रशेखर नागर, प्रयोगशाला प्रभारी राजेश पटेल, श्रीमती सरिता श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। नवांकुर संस्था से राकेश कुमार भट्ट, कन्हैया लाल सराठे, गणेश यादव, व्यंकट चिमानिया, राजेश मालवीया, त्रिलोक मनवारे, एमएसडब्ल्यू छात्राएं परिषद से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

### मुस्कान संस्था के नाम पर महिला कर रही चंदा वसूली

**जागरण, इटारसी।** मुस्कान संस्था के नाम पर अज्ञात महिलाओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर चंदा वसूली की जा रही है। ग्राम बाईखेड़ी में भी अज्ञात महिला को संस्था के नाम पर वसूली किए जाने की जानकारी सूत्रों के माध्यम से मिल रही है। इसके बाद मुस्कान संस्था के संचालक मनीष सिंह ठाकुर के द्वारा बताया गया है कि हमारे द्वारा किसी भी प्रकार की चंदा वसूली का काम नहीं होता है और ना ही इस महिला का संबंध संस्था से है। उक्त महिला झूठ बोलकर पैसे ले रही है। उन्होंने मुस्कान संस्था के नाम पर इस महिला को पैसे ना देने की बात कही है।

### प्रशिक्षण | शासकीय प्राथमिक शाला देशबंधुपुरा में जनशिक्षा केंद्र के स्कूलों में कार्यरत रसोइयों को दिया प्रशिक्षण

# भोजन बनाने, परोसने से लेकर बर्तन साफ करने की दी जानकारी

**जागरण, इटारसी।** गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला देशबंधुपुरा इटारसी में जनशिक्षा केंद्र रामपुर, जनशिक्षा केंद्र कन्या उमा वि इटारसी, जनशिक्षा केंद्र बालक उमा वि इटारसी के स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विकासखंड स्रोत समन्वयक श्रीमती सपना गोल्हानी, विकासखंड एमडीएम प्रभारी परम गढ़वाल, फूड ऑफिसर श्रीमती मीनाक्षी दुबे एवं बैशाली नर्मदपुराम से उपस्थित हुए।

जनशिक्षक केएस वाड़ीवा द्वारा प्रशिक्षण का संचालन किया गया। प्रशिक्षण में फुड ऑफिसर श्रीमती दुबे ने खाद्यान्न उठाव सम्बन्धी जानकारी से सभी रसोइयों को अवगत कराया एवं साथ ही जनशिक्षक रामभरोस यादव, देवेन्द्र खरे, श्रीमती अरुण गौर, श्रीमती मीरा साहू, पीएम श्री शासकीय कन्या उमा वि सूरजगंज इटारसी के प्रधान पाठक महेश रायकवार, संस्था के शिक्षक राजेन्द्र चौर, संस्था की प्राधन पाठक उर्मिला कलोशिया उपस्थित रहे।



जनशिक्षक श्री वाड़ीवा ने सभी रसोइयों से स्वच्छता संबंधी विशेष जानकारी दी गई, जिसमें भोजन बनवाने के परोसने के बनाने के बर्तन खिलाने के बर्तन आदि सभी की साबुन से साफ सफाई करें बताया गया। साथ ही स्वच्छ कपड़े पहने और बाल बांधकर टोपी लगाकर स्वछता पूर्वक भोजन बनाएं। भोजन में खुले मसाले उपयोग न करें। एगमार्क मसाले ही उपयोग करें एवं एक्सपायर डेट की सामग्री नहीं खरीदे। खरीदी सोसाइटी प्रतिमाह की 30 तारीख तक हर स्थिति में खाद्यान्न उठा लेना चाहिए। बीआरसी सपना गोल्हानी एवं ब्लाक मध्याह्न भोजन प्रभारी परमसुख गढ़वाल द्वारा कहा कि यदि कुछ समस्या आती है तो पत्र द्वारा समस्या को लिखित रूप में दें। हम उसका हल करने का पूरा प्रयास करेंगे। आज 80 रसोइयों ने आज के प्रशिक्षण में अपनी उपस्थिति दी। प्रशिक्षण के दौरान 100 ग्राम आटे की रोटियां बनाकर डेमो दिया गया। जनशिक्षक केएस वाड़ीबा द्वारा अभार व्यक्त कर प्रशिक्षण का समापन किया। गया।

### बच्चों को समय पर मिले गर्म भोजन

प्राथमिक शाला के बच्चों को 450 कैलोरी एवं 12 ग्राम प्रोटीन एवं माध्यमिक शाला के बच्चो को 700 कैलोरी एवं 30 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध हो। बच्चों को समय पर एवं गर्म भोजन प्रदान करें। सभी समाज समूह का रजिस्ट्रेशन किया जाए।

### भोजन बनाते समय स्वच्छता का रखें ध्यान

लाइसेंस बनना जरूरी है एवं सभी रसोइयों को अपना परिचय पत्र बनवाएं और पहनकर ही कार्य करें जो समूह में संलग्न है वही सदस्य रसोइयों को काम करें। रसोइयों की आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक न हो। रसोइयों को अगर कोई गंभीर बीमारियां संक्रामक बीमारी है तो उसे मध्यान भोजन न बनाने दिया जाये। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

### खुले मसाले प्रयोग न करें

खाद्यान्न में जो गेहूं,चावल मिल रहा है उसको बिल्कुल साफ करके ही भोजन बनाएं। टाइट ढक्कन वाले डिब्बो में ही रॉ मटेरियल रखें। खुले हुए मिर्च मसाले धनिया हल्दी नहीं खरीदे एगमार्क मसाले ही प्रयोग करें। प्रति दिन रजिस्टर संधारित करें।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना के सभी मृतक को दी श्रद्धांजलि



**जागरण, इटारसी।** विगत दिनों अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान अपने टेक ऑफ के समय दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी 241 यात्री और पूरा विमान स्टॉफ काल के गाल में समा गया। यह देश के लिए एक बड़ी दुर्घटना और त्रासदी है। इसी सन्दर्भ में आज लायंस क्लब पंख के सदस्यों द्वारा जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में स्कूल के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ इस विमान दुर्घटना में मृत्यु को प्राप्त हुए सभी यात्रियों और विमान कर्मियों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

इस श्रद्धांजलि सभा में लॉयन्स क्लब पंख की अध्यक्ष जया गांधी, ऋतु राजपूत, बलजीत कौर सोखी, बीना तिवारी, संध्या माहेश्वरी, भारती चौकसे, पूनम तिवारी, वनिता अग्रवाल और जीनियस प्लेनेट के संचालकद्वय मनीता सिद्दीकी और मो जाफर सिद्दीकी के साथ स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। सभी ने मृतकों को पुष्प अर्पित किये और दो मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि दी।

## न्यूज कार्नर

### विकास कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण आज

**बैतूल।** नगर परिषद आठनेर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के 7 करोड़ के विकास कार्यों का आज 20 जून को विधायक हेमंत खंडेलवाल भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण, अमृत 2.0 योजना जलप्रदाय कार्य, कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत सीसी रोड चौड़ीकरण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत एमआरएफ कंपोस्टिंग प्लांट के निर्माण, अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बॉडी रिजर्वेशन, नगर के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार स्थापना कार्य, वार्ड 09 शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 2 में पार्क निर्माण सहित, नगर की मुख्य मार्गों के डामरीकरण निर्माण कार्य, वार्ड 2 में ग्रीन स्पेस पार्क जामठी फिल्टर प्लांट पर पौधारोपण एवं 24 घंटे जलप्रदाय हेतु विद्युत सप्लाई स्काडा सिस्टम सहित 7 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार नगर परिषद के समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर फलों का वितरण

**मुलताई।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के पर गुरूवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में फल एवं बिस्किट का वितरण किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निलेश साबले, बाबाराव ठाकरे, रवि साहू, विशाल डोंगरे, नरेंद्र बेले, युवराज भिकोंडे, सचिन लिखितकर, विजय शिवारे, पुनीत माकोड़े, शुभम शिवहरे, विशाल पवार, पंकज पांसे, अभिषेक सोनी, गुलशन शेलकारे,ने बताया विपक्ष में रहकर राहुल गांधी ने गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई एवं ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है एवं उनके नेतृत्व में कांग्रेस को नई दिशा मिली है। युवा नेतृत्व की नई पहल संगठन सृजन का भी मनोवृति इन्हीं के द्वारा प्रदान की गई है,इसीलिए यूथ में भारी उत्साह है तथा हर स्तर पर उनके जन्म दिवस पर यादगार बनाने की प्रयास किया जा रहा है।

# सीएम हेल्पलाइन पर सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व की दर्ज होती हैं

## 19 जून की स्थिति में सीएम हेल्पलाइन को लेकर विभागों का प्रदर्शन

**बैतूल जागरण।**
बैतूल जिले में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की ही सामने आती है। मई माह में सीएम हेल्पलाइन को लेकर जो रैकिंग जून में सामने आ रही है। उसमें भी यही स्थिति फिर दिखाई दी। इससे साफ नजर आता है कि कलेक्टर और कमिश्नर द्वारा राजस्व के कामकाज को लेकर जो समीक्षा की जाती है। उससे राजस्व के कामकाज में कोई सुधार नहीं हो रहा है। 19 जून की स्थिति में जिले के 32 विभाग में से सर्वाधिक 234 शिकायत राजस्व विभाग में दर्ज हुई है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की 187, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की 104, खाद्य विभाग की 106, बिजली विभाग की 140 शिकायतें दर्ज हुई जो सर्वाधिक है। इसके अलावा पुलिस विभाग की 92 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज की गई है। इन शिकायतों की निपटारे की स्थिति देखी जाए तो भी राजस्व विभाग फिसड्डी ही नजर आता है।




### प्रदेश में जिला 12 वें पायदान पर

19 जून की स्थिति में बैतूल जिला अपने 32 विभागों की रैकिंग के आधार पर सीएम हेल्पलाइन में 12वें पायदान पर है, जबकि ग्रुप बी में 6 वें पायदान पर है। जिले में मई माह में 5888 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1262 लंबित है। इसके अलावा पूर्व से 50 दिन से अधिक 2733 शिकायतें लंबित सामने आ रही है फिर भी जिला ए ग्रुप में है।

### ग्रुप डी और सी में दो-दो विभाग

यदि रैकिंग के आधार पर विभागों की स्थिति देखी जाए तो 40 वेटेज स्कोर के साथ मछुवा कल्याण विभाग और जन जातीय कार्य विभाग की रैकिंग को ग्रुप डी में रखा गया है। जबकि जल संसाधन विभाग और वाणिज्य कर विभाग को ग्रुप सी में रखा गया है। इसके अलावा जेल, सामाजिक न्याय, श्रम, स्वास्थ्य, वन राजस्व आदि को ग्रुप बी में रखा है।

### निराकरण नहीं होता है, बंद कराई जाती है शिकायतें

सीएम हेल्पलाइन को लेकर एक ट्रेंड यह भी देखा गया कि समस्या का समाधान होता नहीं, लेकिन या तो शिकायत बंद कर दी जाती है या फिर हितग्राही को समझा बूझाकर बंद करवा दी जाती है। इस तरह के अनेक मामले आए दिन सामने आते हैं। लोगों का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन से भी अब कोई मदद नहीं मिलती।

### 21 विभाग को ग्रुप ए में रखा

जो शिकायतें होती है उनके निराकरण के आधार पर विभागों को अलग अलग कैटेगिरी दी जाती है, जिनका प्रदर्शन बेहतर रहता है, उन्हें ग्रुप एक में रैकिंग दी जाती है। इसमें पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, वित्त विभाग, नगरीय निकाय, जनजातीय कार्य, पीडब्ल्यूडी, लोक निर्माण विभाग, पीएचई आदि को रखा गया है।

# 30 जून से 2 जुलाई तक मनाया जाएगा मां ताप्ती का जन्मोत्सव

**मुलताई जागरण।**
पवित्र नगरी मे प्रतिवर्ष असाढ़ मास की शुक्ला सप्तमी पर मां ताप्ती का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार नगर पालिका द्वारा ताप्ती जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम 2 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

ताप्ती जन्मोत्सव पर 2जुलाई को कलेक्टर द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया।जन्मोत्सव आयोजन को लेकर गुरूवार को नगरपालिका के सभाकक्ष मे बैठक आयोजित की गई। बैठक मे विधायक चंद्रशेखर देशमुख,नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर,तहसीलदार अलका एक्का,मां ताप्ती जन्मोत्सव समिति के पुरुषोत्तम अग्रवाल, विहते महाराज,पार्षद डॉ. जीए बारस्कर,पंजाब चिकाने, अजय यादव, शिल्पा शर्मा, कुसुम पवार, निर्मला उबनारे, वंदना साहू, नितेश साहू, मनीष माथनकर, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक मे निर्णय लिया गया है की 28 जून को जनप्रतिनिधियों एवं सभी स्कूल के बच्चों द्वारा गायत्री मंदिर से नगर मे जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण कर नगरपालिका परिसर मे समाप्त होंगी। वहीं 30 जून को चित्रकला प्रतियोगिता कन्या शाला मे, निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता सीएम राइस स्कूल मे होंगी। वहीं 1जुलाई को श्रीराम मंदिर मे रंगोली प्रतियोगिता,



दोपहर 3 बजे से गायत्री मंदिर मे मां ताप्ती बनो प्रतियोगिता तथा शाम 5 बजे से ताप्ती तट पर आरती सजाओ प्रतियोगिता एवं शाम को ताप्ती तट पर महाआरती आतिश बाजी होंगी। माँ ताप्ती जन्मोत्सव समिति के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया मां ताप्ती जन्मोत्सव पर समिति द्वारा सुबह पूजन अर्चना कर ध्वजा रोहन कार्यक्रम, दोपहर 12बजे मां ताप्ती जी का अभिषेक मंदिर मे, मातारानी को छप्पन भोग लगाए जाएगे।वहीं दोपहर 2 बजे दुर्गा मठ के पास झांकी प्रतियोगिता तथा शोभायात्रा निकाली जाएगी। तहसीलदार अलका एक्का ने बताया जन्मोत्सव के दिन भीड़ को देखते हुए सुबह से मां ताप्ती मंदिर मे समिति के सदस्यों को छोड़कर अन्य श्रद्धालु नहीं आ सकेंग जन्मोत्सव के दिन सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी वहीं पुलिस बल तैनात रहेगा।

## ब्रह्मकुमारीज बहनों के सानिध्य में आजीवन योग करने का लिया संकल्प

**मुलताई।** ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरूवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी से जुड़े मुलताई क्षेत्र के 65 से 70 सदस्यउपस्थित रहे। स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी बी.के. मालती बहन ने बताया आज अगर हम अपनी फिलिंग्स को देखें तो खुशी,सुख,प्यार,सम्मान,प्रेम इन शब्दों की बजाय स्ट्रेस,एंजायटी, फियर शब्द हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं,और मेरी हर सोच जो है वह मेरी फिलिंग्स पर असर डाल रही है,मेरे शरीर की हेल्थ शायद ही हम में से कोई हो जो संपूर्ण हेल्दी है और कभी बीमार नहीं हुए। तो मन से मेरी सोच मेरे शरीर में छोटी बड़ी बीमारी क्रिएट कर रही है, ऐसे में हमारा कनेक्शन अपनी फिलिंग्स के साथ, अपने शरीर के साथ और अपने विश्व के साथ सुंदर तभी होगा जब मैं एक पांचवा कनेक्शन इस्टैबलिश्ड करूंगी, जिसे दी कनेक्शन विथ गॉड जिसे राजयोग कहते हैं। राजयोग आत्मा का परमात्मा के साथ कनेक्शन है।राजयोग से हमारा हर संकल्प शांति,सुख,प्रेम से भरपूर होता है तब हमारा जीवन सहज सरल एवं हैप्पी बन जाता है,और इसका असर हमारे शरीर पर हेल्थ के रूप में दिखाई देता है। ब्रह्माकुमारीज के प्रत्येक केंद्र पर निशुल्क रूप से नित्य राजयोग प्रशिक्षण दिया जाता है,जिसे किसी भी वर्ग,जाति का व्यक्ति सीख कर अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है। इसके पश्चात बी.के स्वाति बहन ने सभी भाई बहनों को पीएम प्रोटोकॉल के अंतर्गत अनेक व्यायाम ग्रीवा-चालान ,कटी-चालान,स्कंद-खिंचाव, अर्ध-चक्रासन, ताड़ा-सन त्रिकोणा-सन आदि का अभ्यास कराया।



# रामबरण को लंदन भेजने के लिए आगे आए सेवाभावी

## 2100-2100 रुपए की राशि देकर की मदद, जन सहयोग से अब तक 3 लाख जुटाए

**मुलताई /जागरण।**
नगर पालिका तरणताल के स्विमिंग कोच और विक्रम अवॉर्ड से सम्मानित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय तैराक रामबरण पाल लंदन में आयोजित होने वाली पैरा स्विमिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लंदन में तिरंगा फहराने के उनके इस सपने को साकार करने में अब बैतूल के सेवाभावियों ने भी साथ देना शुरू कर दिया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रामबरण पाल को लगभग 16 लाख रुपए की आवश्यकता है। इसमें से अब तक जन सहयोग से तीन लाख से अधिक राशि एकत्रित की जा चुकी है। रामबरण पाल



की मदद के लिए शहर के अनेक सेवाभावी नागरिक आगे आ रहे हैं और 2100-2100 रुपए की राशि देकर इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। जिन लोगों ने अब तक सहयोग किया है, उनमें बंटी जायका द्वारा 2100 रुपए, संदीप मोहन यादव सरस्वती कंस्ट्रक्शन टिकारी से 2100 रुपए, सौरभ राठौर विनोबा वार्ड बैतूल से 2100 रुपए, नरेंद्र साहू बैतूल से 2100 रुपए और अखिलेश गुजरे विवेकानंद वार्ड बैतूल से 2100 रुपए का योगदान शामिल है।

रामबरण पाल ने इन सभी सेवाभावी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि अगर और 695 लोग इसी तरह 2100 रुपए की मदद करें तो लंदन जाना आसान हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे देश के लिए तिरंगा लेकर पानी में उतरना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक समस्या के चलते उन्हें आमजन की मदद की जरूरत है। रामबरण पाल अब तक 22 राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और 2 अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विक्रम अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। वे कई वर्षों से नगर पालिका स्विमिंग पूल बैतूल में निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे हैं। उनके प्रशिक्षण में हजारों विद्यार्थी तैराकी के क्षेत्र में आगे बढ़े हैं और कई बच्चे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा चुके हैं। रामबरण पाल की इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी से बैतूल का गौरव बढ़ेगा। ऐसे में शहरवासियों का सहयोग उनके लिए संजीवनी बन रहा है। रामबरन पाल को स्विमिंग एंड पायलटिंग फेडरेशन लंदन की ओर से इंग्लिश चैनल तैराकी के लिए आमंत्रण मिला है। वे सितंबर 2025 में डोवर से फ्रांस तक 36 किलोमीटर समुद्र में तैराकी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें कुल 16 लाख 13 हजार रुपए की आवश्यकता है। यह राशि वे स्वयं नहीं जुटा पा रहे हैं, इसलिए शासन और प्रशासन से भी आर्थिक सहयोग की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस चुनौतीपूर्ण स्विमिंग के लिए उन्हें ब्रिटेन के डोवर शहर में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक रहना होगा। इस दौरान वे ठंडे पानी में अभ्यास करेंगे और मौसम के अनुसार जब अवसर मिलेगा, तब वे डोवर से फ्रांस तक समुद्र में उतरेंगे।

# तेरहवीं में भोजन खाने से 200 ग्रामीण को हुई उल्टी दस्त की शिकायत

## फूड विभाग ने खाने के सैम्पल जांच के लिए भेजे, स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की निगरानी में इलाज एवं जांच जारी

**जागरण, शिवपुरी।** करैरा तहसील के छीरारी गांव में बुधवार को तेरहवीं कार्यक्रम के भोजन के बाद करीब 200 ग्रामीण बीमार हो गए। बीमारों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें गांव पहुंचीं और इलाज शुरू किया।

जानकारी के अनुसार, छीरारी गांव निवासी कमल सिंह गुर्जर गांव के मंदिर में भगत थे और झाड़फूंक करते थे। हाल ही में उनका निधन हो गया था। बुधवार को उनके बेटे जसरथ गुर्जर ने तेरहवीं का आयोजन किया, जिसमें छीरारी और पास के सिद्धपुरा गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। भोजन करने के बाद बुधवार रात से ही ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी थी। प्रारंभिक जांच में शक जताया



गया है कि भोजन में इस्तेमाल किए गए घी में खराबी हो सकती है। फूड विभाग की टीम ने मौके से खाने के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय से डॉ. एस.के. पिप्पल के नेतृत्व में तथा विकासखंड से डॉ. रोहित भदकारिया एवं डॉ. नारायण सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य दलों को तत्काल गांव रवाना किया गया। फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर है और किसी को रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ी। गांव में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की निगरानी में इलाज और जांच का काम जारी है।

### प्रशासनिक अमला रहा सक्रिय

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अजय शर्मा, नायब तहसीलदार ओमप्रकाश, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ सत्यपाल शेखरन, आयुष चिकित्सक डॉ. कीर्ति, एएनएम ज्योति जाटव, सीएचओ पिंकी, सुपरवाइजर प्रतिभा सगर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका भी मौके पर पहुंचे और उपचार में सहयोग प्रदान किया।

### कैंप के अलावा घर-घर हुआ रोगियों का उपचार

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ रोहित भदकारिया के मुताबिक, सर्वे में कुल 112 मरीज मिले। इनमें उल्टी दस्त के 100, महिला मरीज 54, पुरूष मरीज 58, बच्चे 2, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं 6 तथा 60 साल से ज्यादा के पुरूष 25 शामिल हैं। शिविर में कुल रोगी 137 है, सभी उल्टी दस्त से ग्रसित थे। जिसमें महिला मरीज 53, पुरूष मरीज 84, बच्चे 05, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं 5 तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले पुरूष 7 शामिल हैं।

# दुकान में वेल्डिंग करते समय युवक को लगा करंट, हुई मौत

## बिजली के तार के चपेट में आया



**जागरण, शिवपुरी।** शहर के वर्मा कॉलोनी में गुरुवार दोपहर वेल्डिंग का काम कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक दुकान में अकेला था। हादसे के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान 40 वर्षीय वाहिद शाह पिता सलीम शाह के रूप में हुई है। वह वर्मा कॉलोनी में वेल्डिंग की दुकान चलाता था। गुरुवार दोपहर जब वह दुकान में अकेले काम कर रहा था, तभी बिजली के तार में आए कटे हिस्से की चपेट में आ गया। कुछ देर बाद जब वह दुकान में अचेत पड़ा मिला, तो आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्रारंभिक जांच में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। हादसे के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### रोहिणी अवस्थी होंगे शिवपुरी के नए योजना अधिकारी

**जागरण, शिवपुरी।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने शिवपुरी जिला शिक्षा कार्यालय में लंबे समय से रिक्त पड़े योजना अधिकारी के पद पर पदस्थापना कर दी है। शिवपुरी डाइट में बतौर व्याख्याता के पद पर पदस्थ रोहिणी अवस्थी को जिले का नया योजना अधिकारी नियुक्त किया गया है। अवस्थी वर्तमान में डाइट शिवपुरी में प्रशिक्षण प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहे थे। इस नए आदेश के क्रम में अवस्थी ने गुरूवार दोपहर को डीईओ कार्यालय में योजना अधिकारी के पद पर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। जिला शिक्षा विभाग में अवस्थी पिछले ढाई दशक में कई महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थ रह चुके हैं। वर्ष 1998 में वे बदरवास बीआरसीसी तो वर्ष 2000 में शिवपुरी बीआरसीसी के पद पर कार्यरत रहे। जबकि वर्ष 2011 में बदरवास बीईओ व वर्ष 2014 में शिवपुरी बीईओ का दायित्व संभाल चुके हैं। इसके अलावा वर्ष 2021 में वे प्रभारी योजना अधिकारी के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। अवस्थी को योजना अधिकारी बनाए जाने पर विभिन्न शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# पत्नी से फोन पर बात करने से मना किया तो दो भाईयों ने पति और देवर पर बोला हमला

**जागरण, शिवपुरी।** पत्नी से बात करने से मना किया तो युवक और उसके भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। दो भाइयों ने मिलकर पति-पत्नी और उसके देवर पर जानलेवा हमला कर दिया। हादसे में समझाने गए दोनों भाई घायल हैं। इसकी शिकायत थाने में की गई है। मामला गोवर्धन थाना क्षेत्र के भिड़ौली गांव का है। गुरुवार को मोबाइल पर बातचीत को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोपियों पर हत्या के प्रयास में मामला दर्ज किया गया। गिर्राज जाटव की पत्नी हेमा जाटव को गांव का ही जितेन्द्र जाटव बार-बार फोन कर परेशान कर रहा था। इसी बात को लेकर गुरुवार को गिर्राज अपने भाई धीरज जाटव के साथ पड़ोसी जितेन्द्र से बात करने गया और विरोध जताया। इस पर जितेन्द्र जाटव और उसके भाई देवेन्द्र जाटव ने गिर्राज, धीरज पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।



### बीच-बचाव में आई महिला घायल

हमले में गिर्राज और उसके भाई धीरज को पेट में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं बीच-बचाव में आई हेमा जाटव भी घायल हो गई। हमले के बाद तीनों घायल अवस्था में गोवर्धन थाने पहुंचे। जहां से पुलिस ने तुरंत उन्हें बैराड़ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को शिवपुरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोवर्धन थाना प्रभारी रविन्द्र कुशवाह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी जितेन्द्र और देवेन्द्र जाटव के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# 10वी-12वीं के अंग्रेजी के पेपर में 5745 परीक्षार्थी शामिल

## मुख्य परीक्षा में असफल छात्रों एवं श्रेणी सुधार की द्वितीय बोर्ड परीक्षा शुरू

**जागरण, शिवपुरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा मुख्य परीक्षा में असफल छात्रों व श्रेणी सुधार का अवसर देते हुए आयोजित की जा रही द्वितीय अवसर परीक्षा के क्रम में गुरूवार को हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी के महत्वपूर्ण अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे से 12 बजे की पाली में आयोजित इस परीक्षा में जिलेभर में 5745 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। सभी केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्थित और शांतिपूर्ण संचालित हुई और कहीं भी कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया।




### हाईस्कूल में 211 तो हासे में 101 रहे गैरहाजिर

जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड़ ने बताया कि हायर सेकेण्डरी में अंग्रेजी विषय के लिए कुल 2460 परीक्षार्थी शामिल थे जिनमें से 2359 परीक्षा देने पहुंचे जबकि विभिन्न केन्द्रों पर 101 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सबसे ज्यादा 47 पिछोर में अनुपस्थित रहे। जबकि पोहरी में 15, करैरा में 14, शिवपुरी में 12, कोलारस में 8, नरवर-खनियांधाना में 2-2 व बदरवास में 1 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहा। हाईस्कूल में कुल 3597 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें से 3386 परीक्षा देने पहुंचे जबकि 211 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सबसे ज्यादा 132 पिछोर में शिवपुरी में 25, करैरा-पोहरी में 14-14, नरवर में 6, बदरवास में 7, कोलारस में 8 व खनियांधाना में 5 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

### डीईओ ने शहर तो क्रीड़ा अधिकारी ने पिछोर में परखी परीक्षा

परीक्षा में विकासखण्ड व जिला स्तरीय निरीक्षण दल लगातार निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं। अंग्रेजी के महत्वपूर्ण प्रश्नपत्र के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने शहर के कन्या उमावि कोर्ट रोड, उत्कृष्ट उमावि क्र. 1, उमावि क्र. 2, उमावि सदर बाजार व मॉडल उमावि शिवपुरी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया व केन्द्राध्यक्षों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे ने अपनी टीम के साथ पिछोर क्षेत्र के आधा दर्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मॉडल उमावि पिछोर, कन्या उमावि पिछोर, बालक उमावि पिछोर, सरस्वती शिशु मंदिर व हाईस्कूल हरिजन बस्ती पिछोर सहित उमावि खोड़ केन्द्र का जायजा लिया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्थित व शांतिपूर्ण संचालित मिली।

## न्यूज कार्नर

### बड़झिरी में लगाया आयुष्मान शिविर



**जागरण, रहटगांव।** मध्य प्रदेश शासन, जिला प्रशासन हरदा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिंह के निर्देश अनुसार टिमरनी विकास खण्ड के वनग्राम बड़झिरी में धरती आवा आम्ना अभियान 2.0 अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 36 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इसी तरह बुधवार को भी ग्राम बडझिरी में 15 आयुष्मान कार्ड बनाये गये थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र टिमरनी के बीईई आरबी पांडे ने बताया कि शिविर में आठ कर्मचारी-अधिकारी ने अपनी सेवाएं दी। आयुष्मान भारत योजना जिला कोऑर्डिनेटर कनिष्ठ धनगर ने भी अपनी सेवाएं दी। मौसम खराब होने के कारण एवं नेटवर्क के चलते कार्ड कम बने, एवं यह प्रक्रिया लगातार अन्य जनजाति ग्रामों में जारी रहेगी। स्वस्थ यकृत मिशन कार्यक्रम के अनर्गत हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की गई जिसमे 32 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग कर दो मरीजों को रेफर किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कुल एवं आंगनवाडी के बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया एवं समस्त बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में समझाइश दी गई। एक वर्ष का बच्चा रवि पिता कमलेश जिसके होंठ से लेकर नाक तक विकृति होने के कारण बच्चे को सर्जरी के लिए प्रकरण तैयार कर रैफर किया गया तथा श्री पांडे द्वारा बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए प्रेरित किया जिसमें हितग्राही तैयार हुआ। उक्त शिविर में डॉ आशीष अग्रवाल द्वारा समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सीएचओ अर्जुन नागराज, सोनिका कुमरे, संदीप कुमार, श्रवण लोवंशी, आशा इवने, सुगना इवने तथा आशा कार्यकर्ता व आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने शिविर में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### पंचायत भवन में लटका रहता है ताला




**जागरण, खिरकिया।** जनपद की ग्राम पंचायतों में अनियमितता चरम पर है। ग्राम पंचायत प्रतापपुर में कार्यकालीन समय में पंचायत भवन पर ताला लटका मिला, सचिव और रोजगार सहायक दोनों ही पंचायत से नदारद थे।

ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। सरकार ने पंचायतों को हाईटेक बनाकर योजनाओं के लाभ सीधा जनता तक पहुंचाने का सपना देखा था, लेकिन सचिव-सहायक सचिवों की मनमानी उस पर पानी फेर रही है। ग्राम पंचायतें जो जनकल्याणकारी योजनाओं की पहली इकाई मानी जाती है, वहां जब ताले लटके मिलें और कर्मचारी नदारद हों तो योजनाओं का लाभ आम ग्रामीणों तक कैसे पहुंचेगा।

**न मॉनिटरिंग, न जवाबदेही**

पंचायत में ताले लगे रहना सिर्फ सचिवों की लापरवाही नहीं बल्कि जनपद स्तरीय निरीक्षण व्यवस्था और वरिष्ठ अधिकारियों की निष्क्रियता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। पंचायत इंस्पेक्टर, इंजीनियर और सीईओ स्तर पर यदि प्रभावी निगरानी हो, तो किसी सचिव की हिम्मत नहीं कि वह ड्यूटी से नदारद रहे।

**जांच व कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायतें यदि बंद पड़ी रहेंगी, तो सरकार की नीतियां सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी।

### निरीक्षण कर खाद बीज के नमूने लिये

**जागरण, हरदा।** कृषि विभाग के दल ने गुरूवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद व बीज के नमूने लिये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कृषि, अनुभाग हरदा सुश्री रचना पटेल, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमति संगीता डावर, जितेंद्र मंडलोई एवं सहायक तकनीकी अधिकारी अनिल मलगाया ने आदित्य एग्रो एंटरप्राइजेस तथा हरिधन सीड्स एवं एग्रो सर्विसेस का निरीक्षण कर बीज एवं खाद के सैंपल्स लिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित डीलर्स के विरुद्ध कृषि आदान में प्रावधानित एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

#### मां-बेटी ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया, प्रशासन ने किया दरकिनार

# जिसकी पूजा करते हो उसीका स्थान नष्ट कर रहे हो तुम, दो देवियों का वास है यहां






**जागरण, टिमरनी।** तहसील मुख्यालय में टी आकार के रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बने अंतिम अतिक्रमण को मंगलवार को प्रशासन ने हटा दिया। इस दौरान एक मां-बेटी ने वहां दैवीय शक्ति का हवाला देते हुए विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कार्रवाई पूरी की। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह वार्ड नंबर एक में रेलवे पटरी पर बन रहे ब्रिज के निर्माण स्थल पर जब प्रशासनिक अमला जेसीबी मशीन के साथ पहुंचा, तो एक परिवार की महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया। उनका दावा था कि यहां 30 वर्षों से दो देवियों का स्थान है। बेटी ने चिल्लाकर कहा जिसकी तुम पूजा करते हो, उसका स्थान नष्ट कर रहे हो। आधे घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने जेसीबी की मदद से कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए जेसीबी से अतिक्रमण हटा दिया।

### ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बन रहा था अवैध निर्माण

उल्लेखनीय है कि टिमरनी से पोखरनी-करताना मार्ग पर बन रहे इस ओवरब्रिज का निर्माण लोक निर्माण विभाग कर रहा है। अतिक्रमण के कारण न केवल निर्माण कार्य रुका हुआ था, बल्कि वार्ड 1 और 2 का आवागमन भी बाधित था। आधे घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने कार्रवाई पूरी कर ली।

### एसडीएम बोले- पीपल्या माफी में जगह आवंटित

एसडीएम महेश बडोले ने बताया कि ब्रिज निर्माण में बाधक 35 में से 34 अतिक्रमण पहले ही हटाए जा चुके थे। प्रभावित लोगों को 29 मई को पीपल्या माफी में मुक्तिधाम के पास जगह आवंटित की गई है, जहां 15 फीट चौड़ा रास्ता भी दिया गया है। कई लोगों ने नई जगह पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है।

#### मुबंई से चार दिन पहले ही आए थे गांव

# कपड़े सुखाते समय युवक को लगा करंट, मौत

**जागरण, हरदा।** जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के कमताड़ी गांव में गुरुवार सुबह करंट लगने से एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह कपड़े सुखा रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। उसे जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मूल रूप से कमताड़ी गांव निवासी संतोष निमोरे मुंबई में पत्नी और चार बच्चों के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करता है। चार दिन पहले उसकी पत्नी शांति बाई अपने इकलौते बेटे शुभम निमोरे 18 के साथ गांव तीन महीने का सरकारी राशन लेने आई थी। शुभम गुरुवार सुबह नहाने के बाद अपना लोअर घर के सामने बंधे तार पर डाला, इसी दौरान उसे करंट लग गया। दोनों हाथों में करंट लगते ही वह चिल्लाने लगा।

मां शांति बाई ने लकड़ी से छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह बेहोश होकर गिर गया। परिजन शुभम को तुरंत जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के बड़े पापा अमर सिंह ने बताया कि शुभम तीन बहनों के बीच इकलौता बेटा था। वह दसवीं तक पढ़ चुका था और अपने पिता के साथ मजदूरी करता था। छीपाबड़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांजा तस्कर 1.296 किलो ग्राम गांजे के साथ धराया



**जागरण, हरदा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हरदा अभिनव चौकसे द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरदा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस हरदा श्रीमति अर्चना शर्मा के नेतृत्व में थाना हंडिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 17 जून 2025 को थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष दरश्यामकर को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम राततलाई स्थित हनुमान टेकरी मंदिर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 1.296 किलोग्राम गांजा तथा एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मोहन पिता सत्यनारायण विडोरिया 35 वर्ष, निवासी ग्राम राततलाई के रूप में हुई है। उक्त कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट की वैधानिक प्रक्रिया के तहत स्वतंत्र पंचों की उपस्थिति में की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई है। इस कार्यवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक सुभाष दरश्यामकर, उनि अशोक अहिरवार, प्रआर विजेन्द्र तोमर, प्रआर कंचन सिहं राजपूत, प्रआर भीमसिंह, आर नितेश कुशवाह, सैनिक जितेन्द्र सिहं की रही।

# छह माह के पश्चात विधि मिलने पर हुआ मुनिश्री ऋषभसागर महाराज का आहार

#### पंचकल्याणक महोत्सव छटवां दिन, कैवल्यज्ञान कल्याणक



**जागरण, हरदा।** टिमरनी नगर में चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव के छटवें दिन राजा से मुनि बने भगवान ऋषभदेव का कैवल्यज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः काल तपकल्याणक की पूजन अर्चन कर मुनिश्री ऋषभसागर महाराज की आहार चर्या विधि संपन्न की गई। जिसमें छः माह के बाद विधि मिलने पर मुनिश्री ऋषभसागर की आहार चर्या संपन्न हुई, जिसका सौभाग्य राजा श्रेयांश पात्र प्रियंक ऐनू जैन एवं राजा सोम पात्र संभव जैन को सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मुनिश्री निर्णयसागर महाराज ने आहारदान पर प्रवचन देते हुए कहा कि दिगंबर मुनिराज को आहार दान देने के लिए स्वर्ग का राजा सौधर्म इंद्र भी तरसता है। मुनिराज के हाथ में एक ग्रास देने के लिए वह अपने स्वर्ग का पूरा राज भी छोड़ने को तैयार रहता है, लेकिन यह सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पाता। आहार दान देने वाले मनुष्य को सम्यक दृष्टि देवता सौ-सौ बार नमस्कार करते हैं। ऐसी मूल्यवान क्रिया से मनुष्य अपने आप को वंचित कर लेता है, यह उसका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। मुनिश्री ने कहा कि भगवान ऋषभदेव को 7 महीने 8 दिन के पश्चात आहार लाभ हुआ था। श्रावक को आज आहार दान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। श्रावक दान देकर अपने पुण्य की सराहना करता अपने जीवन को धन्य मानता है, जबकि मुनि आहार ग्रहण करते हुए अपने कर्मों को कोसते हैं, वे आहार लेकर के दुखी होते हैं, क्योंकि उनको आहार लेना पड़ता है। आहारदान की प्रक्रिया सरल होती है, श्रावकों ने ही इसे जटिल बना दिया है, जो दान देता है, उसके लोभ कषाय का नाश होता हैं, आत्मा का कल्याण होता है। आहार में शुद्धता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आहार नवधाभक्ति से करवाना चाहिए। पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष आलोक जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव में दोपहर पश्चात भगवान के कैवल्यज्ञान कल्याणक की पूजन कर शांति महायज्ञ किया गया। भगवान को कैवल्यज्ञान प्राप्त होने पर भगवान के समवशरण कि रचना सौधर्म इंद्र द्वारा कि जाकर भगवान की दिव्य देशना का श्रवण उपस्थित श्रावकों ने लिया। संध्या कालीन महाआरती का सौभाग्य चम्पालाल, पराग जैन छिपानेर को प्राप्त हुआ।

### कलेक्टर सपरिवार पहुंचे महोत्सव में

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष सरगम जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव में आज कलेक्टर सिद्धार्थ जैन सपरिवार पहुंचे ओर भगवान के दर्शन कर मुनिश्री निर्णयसागर महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दीपक जैन ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन का एवं अर्चना जैन, सलोनी जैन ने उनकी धर्मपत्नी का श्रफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। पंचकल्याणक महोत्सव में टिमरनी जैन समाज के अध्यक्ष दीपक जैन के साथ उनकी टीम अपनी लगातार सेवा देकर आयोजन को सफल बनाया।

### 31 तक करें आवेदन

**जागरण, हरदा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए 18 वर्ष तक के बालक-बालिका 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस पुरस्कार से संबंधित अधिक जानकारी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये दिया जाता है।

#### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के फैसले के बाद प्रशासन कर रहा तैयारी

# मूंग उपार्जन के लिए 60 केन्द्रों पर 5 जुलाई तक किसान करा सकते हैं पंजीयन

**जागरण, हरदा।** राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के उपार्जन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के 36 मूंग उत्पादक जिलों में 8682 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मूंग और उड़द उत्पादक जिलों में 7400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उड़द उपार्जित की जाएगी। किसान मूंग उपार्जन के लिये 19 जून से 5 जुलाई तक पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार जिले में मूंग उपार्जन के पंजीयन के लिये 60 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये है। जारी आदेश अनुसार हरदा तहसील में 14, हंडिया तहसील में 9, टिमरनी तहसील में 13, रहटगांव तहसील में 8, खिरकिया तहसील में 7 तथा सिराली तहसील में 9 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि मूंग उपार्जन के लिये हरदा तहसील में जो पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं उनमें सेवा सहकारी समिति अबगांवखुर्द 1-2, बालागांव 1-2, भुवनखेडी, गहाल, मसनगांव 1-2, मोहनपुर, पलासनेर 1-2 रूपीपरेटिया 1-2, तथा दि हरदा किसान विपण सहकारी समिति हरदा शामिल है। इसी प्रकार हंडिया तहसील में जो पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं उनमें सेवा सहकारी समिति अबगांवकला, धनगांव, हंडिया, खेडा, मांगरूल, नांदरा, पीपलघटा, सोनतलाई 1-2 शामिल है। उप संचालक कृषि श्री कास्दे ने बताया कि मूंग उपार्जन के लिये टिमरनी तहसील में जो पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं उनमें सेवा सहकारी समिति पोखरनी 1-2, छिदगांवमेल 1-2, मनियाखेडी 1-2, रूंदलाय, तजपुरा, बाजनिया, गोंदागांवकला, करताना, गोंदागांवखुर्द तथा किसान विपणन एवं सहकारी समिति मर्या टिमरनी शामिल है। इसी प्रकार रहटगांव तहसील में जो पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं उनमें सेवा सहकारी समिति आलमपुर 1-2, रहटगांव 1-2, टेमागांव, राजाबरारी, रवांग व सोडलपुर शामिल है। उप संचालक कृषि श्री कास्दे ने बताया कि मूंग उपार्जन के लिये खिरकिया तहसील में सेवा सहकारी समिति बारंगा, मोरगढी 1-2, मांदला, खमलाय, चौकडी व धनवाडा सहकारी समिति आलमपुर 1-2, रहटगांव 1-2, टेमागांव, राजाबरारी, रवांग व सोडलपुर तथा सिराली तहसील में सेवा सहकारी समिति बेडियाकला, दीपगांवकला, जुनापानी, पीपल्या मकडाई, रहटाकला 1-2, सिराली 1-2 तथा सेवा सहकारी समिति सोमगांवकला को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

#### 1053 कार्यकर्ताओं से पूछे सुझाव, 6 पैनलों में नाम भेजे जाएंगे दिल्ली, पर्यवेक्षकों ने की विस्तृत चर्चा

# रायशुमारी के बाद 18 दावेदारों की सूची तैयार अब कांग्रेस हाईकमान लेगा अंतिम फैसला




**जागरण, हरदा।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत हरदा जिले में जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर नियुक्त पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के माधवपुर से सांसद हरीश मीणा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि तीनों ब्लॉक हरदा, टिमरनी और खिरकिया तथा छह उपब्लॉकों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं,

पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रायशुमारी की गई। पर्यवेक्षक मीणा ने बताया कि अब तक जिला अध्यक्ष पद के लिए आज दिन तक कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए हैं और आगे भी तीनों ब्लॉको से नामों की सूची में और भी नाम जुड़ सकते हैं। दावेदारों की सूची के नामों को छः पैनलों में विभाजित कर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को 30 जून तक भेजा जाएगा।

### यह चुनाव नहीं, कार्यकर्ताओं की भावना जानने की प्रक्रिया है

केन्द्रीय पर्यवेक्षक मीणा ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया चुनाव जैसी नहीं, बल्कि संगठन को सशक्त करने हेतु जनभावनाओं का मूल्यांकन है। इस दौरान 1053 कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सुझाव लिए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिलाऐं, एससी-एसटी वर्ग तथा युवाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की प्राथमिकता तय की गई है। लेकिन अंतिम चयन व्यक्ति की संगठनात्मक क्षमताऐं, कार्यकर्ताओं में स्वीकार्यता और नेतृत्व योग्यता पर आधारित होगा, जातिगत आधार पर नहीं। सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, जिला अध्यक्ष ओम पटेल, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, नप प्रतिपक्ष नेता अमर रोचलानी तथा कांग्रेस के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिला चेहरे ने भी दिखाया आत्मविश्वास

आज हुई रायशुमारी में प्रमिला ठाकुर ने महिला दावेदार के रूप में सामने आकर दावा प्रस्तुत किया। वहीं सर्किट हाउस में युवा नेता में राहुल पटेल ने भी जिला अध्यक्ष बनने के लिए अपना नाम पर्यवेक्षकों के समक्ष रखा। इस प्रकार अब कुल 18 दावेदारों की सूची तैयार हो चुकी है।

### जिलाध्यक्ष के संभावित दावेदारों के नाम चर्चा में

कांग्रेस के पर्यवेक्षक से पूछे जाने पर जिलाध्यक्ष के दावेदारों की सूची क्या सार्वजनिक की जावेगी। उन्होंनें स्पष्ट कहा कि यह सूची 6 पैनलों के माध्यम से केवल हाईकमान तक ही जावेगी, जिसके बाद निर्णय होगा कि हरदा का जिलाध्यक्ष कौन होगा। जानकारी के अनुसार 1 आवेदन टिमरनी से, खिरकिया ब्लॉक से 3 और शेष 14 हरदा ब्लॉक से आए हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की दावेदारी में वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, अमीर पटेल, राजेश पटेल गोयत, भूपेश पटेल, अनिल सूरमा, मोहन विश्नोई वर्तमान में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष, गोंविद व्यास, श्रीमती प्रमिला सिंह ठाकुर, राहुल पटेल, टिमरनी ब्लॉक सिराली से नागू पटेल, खिरकिया से डॉ जितेन्द्र सोनी, श्रीमती रानू दशरथ पटेल, आशुतोष कोठारी के नाम चर्चाओं में है।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी, स्कूल अस्पताल का किया निरीक्षण



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को टिमरनी विकासखंड के ग्रामों का दौरा कर आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, अस्पताल और उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया और स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। भ्रमण के दौरान एसडीएम टिमरनी महेश बडोले के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एचपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी और डीपीसी बलवंत पटेल भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम छिपानेर में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि अपात्र व्यक्तियों के नाम पात्रता सूची से काटे जाएं और केवल पात्र गरीब परिवारों के सदस्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरित किया जाए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकान की तुलाई मशीन को चेक भी किया। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम छिपानेर में आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और कार्यकर्ता व सुपरवाइजर से गांव के कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि टीकाकरण योग्य कोई भी महिला व बच्चा टीकाकरण से नहीं छूटे।

उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के मोबाइल पर विभागीय एप के माध्यम से बच्चों के कुपोषण और टीकाकरण की जानकारी का सत्यापन भी किया। कलेक्टर श्री जैन ने इस दौरान महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अति कुपोषित बच्चों को निकटतम पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उनका विधिवत उपचार कराया जाए ताकि बच्चों का कुपोषण दूर हो सके। कलेक्टर श्री जैन ने भ्रमण के दौरान ग्राम रायबोर में स्कूल परिसर में पौधारोपण किया तथा एसएमएस बायोफ्यूल कंपनी छिदगांव द्वारा स्कूल के लिए उपलब्ध कराए गए स्मार्ट क्लास सिस्टम का अवलोकन भी किया।